# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com                                   सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

वेबसाइट : www.ushadoon.org

पत्रांक–        /                                                   दिनांक        मार्च, 2015

---

दिनांक 29.03.2015 को सायं 05:00 बजे सोसाईटी के क्लब हाऊस उषा कालोनी में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

**<u>उपस्थिति पंजिका में दर्ज बैठक में उपस्थिति</u>** :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3. आनरेरी सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि
4. सदस्य – श्री ए0के0राणा

**<u>विशेष उपस्थिति</u>** :–

1. श्री अमित सिन्हा
2. श्री एन0 रविशंकर
3. श्रीमती शान्ता रविशंकर
4. श्रीमती सुधा जोशी
5. श्रीमती प्रन्नति सुबुद्धि

कार्यकारिणी के – उपाध्यक्ष श्री एस0 के0 भगत, श्री सुरेन्द्र मेहरा, कोषाध्यक्ष श्री आर0के0 सुधान्शु सदस्य एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, सदस्या कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी सचिव द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर सहमति बनी :–

**बिन्दु संख्या 01 –** ऑनरेरी सचिव द्वारा पिछली ई0सी0 मीटिंग में लिये गये निर्णयों से अवगत कराते हुए निम्न अन्य बिन्दुओं पर कार्यकारिणी समिति की सहमति बनी।

**बिन्दु संख्या 02 –** श्री प्रेम दत्त रतूडी द्वारा श्री वी0 मुरूगेशन के कुत्ते के विरूद्ध दिये गये शिकायती पत्र की कार्यवाही से सदस्यों एवं श्री रतूडी को अवगत कराते हुए सोसाईटी द्वारा निर्णय लिया गया कि सोसाइटी के जिन सदस्यों के पास पालतु कुत्ते हैं व अपने कुत्तों को पार्क व अन्य किसी स्थान पर खुला न छोड़े और जब भी उन्हें बाहर निकाले जंजीर में बांध कर ही निकाले जिससे सोसाइटी में कोई दुर्घटना न हो।

**बिन्दु संख्या 03 –** सोसाईटी परिसर में एक मन्दिर निर्माण हेतु विचार रखा गया था जिसमें सोसाइटी के कुछ सदस्यों द्वारा इस पर आपत्ति व्यक्त की गयी थी लेकिन सोसाइटी की ई0सी0 बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा हुए विचार–विमर्श के उपरान्त सोसाइटी द्वारा निर्णय लिया गया कि इस मन्दिर निर्माण हेतु सोसाइटी के खाते से कोई धनराशि नहीं ली जायेगी तथा साथ ही साथ कोई भी व्यक्ति/सदस्य अपनी इच्छा/श्रद्धाानुसार चन्दा के रूप में जो धनराशि इस मन्दिर निर्माण के लिये देगा उस एकत्रित धनराशि से से इस मन्दिर का निर्माण कार्य कराया जायेगा। दिनांक 28.03.2015 को सांय 05:00 बजे सदस्यों के साथ विधिवत् रूप से पूजा अर्चना व लड्डू प्रसाद वितरण करके मन्दिर भूमि पूजन कर मन्दिर का शिलान्यास किया गया। तथा उक्त समय ही चन्दे के रूप में श्री जे0के0 मेहता, विंग कमान्डर, प्लाट सं0 39 (किरायेदार) द्वारा रू0 11,000/– (ग्यारह हजार मात्र), श्री एन0 रविशंकर प्लाट सं0 31 द्वारा रू0 5100/– (पाँच हजार एक सौ) व श्री ए0के0 राणा, प्लाट सं0 14 द्वारा रू0 5,100/– (पाँच हजार एक सौ) कुल 21,200/– (इक्कीस हजार दो सौ मात्र) की धनराशि चन्दे के रूप में प्राप्त हुई है।

**बिन्दु संख्या 04 –** श्री जी0एस0 जोशी, प्लाट सं0 95 द्वारा भेजे गये ई–मेल जिसमें उनके निर्माणाधीन भवन के ऊपर से गुजर रही 11के0वी0ए0 की विद्युत तार के कारण उनके भवन निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है लिखा गया है। जिसके लिये श्री जोशी द्वारा उर्जा विभाग को भी एक पत्र भेजा गया है जिसमें क्लब हाउस के निकट लगे विद्युत पोल को हटाने के लिये आवेदन किया गया है। सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है कि विद्युत पोल हटवाने हेतु समस्त खर्च स्वयं श्री जी0एस0 जोशी को ही करना होगा।

**बिन्दु संख्या 05 –** चार्टेड एकाउन्टेड के कार्यालय से प्राप्त AMC and Badminton Hall की बकाया धनराशि के सम्बन्ध में प्राप्त हुई धनराशि से सचिव द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया तथा साथ ही जिन सदस्यों को नोटिस जारी किये गये उनमें से जिन सदस्यों द्वारा अपना पूर्ण विवरण दे दिया है उन सदस्यों का नाम बकाया सूची से हटाकर उनको जवाब पत्र भेजकर सूचित कर दिया गया है।

–हस्ता0–
(एस0पी0 सुबुद्धि)
ऑनरेरी सचिव,
उषा एसोसिएशन, देहरादून।

प्रतिलिपि–1– समस्त सदस्यगण

2– श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0